लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोकसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र से पहले संसद भवन परिसर का निरीक्षण किया / LOK SABHA SPEAKER INSPECTS FACILITIES IN PARLIAMENT HOUSE COMPLEX BEFORE BUDGET SESSION

नई दिल्ली 28 जनवरी 2022: 31 जनवरी 2022 से शुरू होने वाले संसद के बजट सत्र से पहले, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया I

श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में लोकसभा चैंबर, सेंट्रल हॉल और कई अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया Iलोक सभा अध्यक्ष ने अपने निरीक्षण के दौरान आवश्यक कोविड दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए सत्र के दौरान सदस्यों, अधिकारियों और मीडिया की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संसद भवन परिसर में कोविड प्रोटोकॉल मानदंडों के कार्यान्वयन के बारे में अवगत कराया गया।

श्री बिरला को संबंधित अधिकारियों द्वारा नए संसद भवन (एनपीबी) के निर्माण की प्रगति के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने नई संसद भवन के चारों ओर विश्व स्तरीय भूनिर्माण

सुनिश्चित करने के लिए कई इनपुट दिए। अध्यक्ष ने भवन निर्माण सामग्री और भवन की स्थापत्य विशेषताओं के बारे में भी जानकारी ली।

श्री बिरला ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान संसद भवन के रखरखाव का नियमित तौर पर ध्यान रखा जाए तथा उपलब्ध सुविधाओं को नई तकनीकी के द्वारा अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने लोक सभा और राज्य सभा चैम्बरों में सदस्यों के लिए पर्याप्त सुरक्षा सम्बन्धी उपाय करने के निर्देश दिए।

श्री बिरला ने अपने निरिक्षण के दौरान मीडिया स्टैंड, लॉबीज़ और केंद्रीय कक्ष में भी अधिकाधिक साफ-सफाई और उपलब्ध सुविधाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

New Delhi 28 January 2022: With the Budget Session of the Parliament scheduled to begin from 31 January 2022, Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla, inspected various facilities in Parliament House Complex, today.

Shri Birla inspected the Lok Sabha Chamber, Central Hall and several other facilities in Parliament House complex. During his inspection, the Speaker issued instructions to ensure safety of the Members, Officials and Media during the Session keeping in view the necessary COVID guidelines. He was apprised about the implementation of the COVID protocol norms in Parliament House Complex by senior officers.

Shri Birla was also briefed about the progress of the construction of the New Parliament Building (NPB) by the concerned officials. He gave several inputs to ensure world class landscaping around the New Parliament Building. The

Speaker also enquired about the building materials and architectural highlights of the building.

Shri Birla directed the officers to ensure that the maintenance of Parliament House should be taken up regularly and the facilities should be improved with the use of latest technology. He directed officials to undertake adequate safety measures for Members in both Lok Sabha and Rajya Sabha Chambers.

During his inspection, Shri Birla issued directions to ensure better facilities and maximum cleanliness in the Media Stands, Lobbies and Central Hall.